तथ्यों को अस्वीकार कर बताया कि देवेन्द्र सिंह राणावत खाद्य अधिकारी के होना व नोटिफीकेशन के जरिये इनका कार्य क्षेत्र जिला चित्तौड़गढ़ होना गलत होने से अस्वीकार है। प्रार्थी के यहां से एक तिल्ली की बोतल ले जाने का कथन स्वीकार है जो बोतल सिलपेक थी तथा ईनवोईस नम्बर 14 दिनांक 17.01.2017 के बिल की कॉपी साथ में ले जाना भी स्वीकार है। केवल मात्र खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराये थे जो सभी रिक्त कागज थे। यदि कोई तेल मिस ब्राण्डेड भी है तो इस हेतु विपक्षी अभियुक्त कमांक 02 कैलाशचन्द्र पिता रामदयाल बिड़ला प्रो0 निर्माता फर्म मैसर्स बालाजी लघु उद्योग, माण्डल, भीलवाडा उत्तरदायी है। हमारा कोई दोष नहीं है। विपक्षी उत्तरदाता के यहां से जो तिल्ली के तेल की बोतलें आवेदक द्वारा खरीदी गई थी वह तेल की बोतल विपक्षी उत्तरदाता द्वारा बालाजी लघु उद्योग वीर मोहल्ला, माण्डल, भीलवाडा (राज.) के यहां से जरिये ईनवोईस संख्या 14 दिनांक 17.10.2017 को खरीदी थी जिसका बिल भी आवेदक को दिया गया था एवं जैसी बोतले खरीदी वैसी की वैसी ही पेक बोतले विक्रय की गई थी। हमारे द्वारा इसकों कहीं इन्टेक नहीं किया गया था। इसलिये यदि कहीं मिसब्राण्ड या सबस्टेण्डर्ड तेल है भी सही तो इस हेतु बालाजी लघु उद्योग वीर मोहल्ला, माण्डल, भीलवाडा ही उत्तरदायी है। अतः प्रार्थना है कि मैसर्स परिवार सुपर बाजार जरिये मालिक अंकित लढ्ढा का जवाब स्वीकार फरमाया जाकर अभियुक्त अंकित लढ्ढा के विरूद्ध कार्यवाही ड्रोप फरमाई जावें। अप्रार्थी संख्या 1 की और से प्रस्तुत जवाब परिवाद शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड है।

दिनांक 24.03.2021 को अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 1 खुमाण सिंह हाजिर आये। अप्रार्थी संख्या दिनांक 23.08.2018 के पश्चात् न्यायालय में हाजिर नहीं आये। विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी द्वारा की गई बहस पत्रावली को सुना गया। विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी ने जवाब परिवाद में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं जवाब परिवाद के परिपेक्ष्य में परिवाद में कार्यवाही इसी स्तर पर ड्रॉप किये जाने की ईश्तदुआ के साथ अपनी बहस पत्रावली समाप्त की। हमने पत्रावली को बागौर आद्यौपांत अवलोकन किया। तथ्यों का मनन किया। पत्रावली को वास्ते निर्णय रिजर्व किया गया।

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। हमने पत्रावली का बागौर आद्यौपांत अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता पूर्वक अध्ययन/परिशीलन किया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत फार्म नंबर 5 ए की प्रति से जाहिर होता है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विक्रेता/मालिक को खाद्य पदार्थ तिल्लि तेल (दयाल ब्राण्ड) का नमूना वास्ते जांच लेने हेतु सूचना दी गई जिस पर विपक्षी संख्या 1 एवं मौके के गवाहान के हस्ताक्षर हैं। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नमूना लिये जाने हेतु विक्रेता/मालिक से नियमानुसार खाद्य पदार्थ क्रय किया गया जिसकी पुष्ठि नमूना खरीद बिल से होती है, उस पर भी विक्रेता एवं गवाहान की शहादत के रूप

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.03.31 12:18:30 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

